दिनांक: 01.09.2021

प्रेस विज्ञप्ति

महाप्रबंधक/ पश्चिम रेलवे ने जगजीवनराम अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS) **का उद्घाटन किया**

श्री आलोक कंसल, **महाप्रबंधक / पश्चिम रेलवे ने जगजीवनराम अस्पताल, पश्चिम रेलवे, में रेलटेल द्वारा क्रियान्वित, अस्पताल प्रबंधन सूचना इकाइयों(HIMS) का उद्घाटन किया।** इस भव्य कार्यक्रम में वरिष्ठ रेलवे अधिकारी, डॉक्टर और रेलटेल के अधिकारी उपस्थित थे।

रेलटेल , भारतीय रेलवे के एक मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम, जिसे पूरे भारत में 125 रेलवे स्वास्थ्य सुविधाओं और 650 पॉलीक्लिनिकों में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) को क्रियान्वित करने का कार्य सौंपा गया है ताकि संपूर्ण अस्पताल प्रबंधन को तेज और बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एकल ऑर्किटेक्चर पर लाया जा सके।

रेलटेल ने एचएमआईएस(HIMS) के साथ एकीकृत करने के लिए Railways HMIS' ऐप (app) भी विकसित किया है। यह ऐप सामान्य बीमारियों के लिए रोगियों को टेलीकंसलटेशन द्वारा वर्चुअलि उपचार प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा यह ऐप चिकित्सा लाभार्थियों को एक ही स्थान पर अपने सभी मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री आलोक कंसल,, महाप्रबंधक/ पश्चिम रेलवे ने कहा कि " इस महामारी के समय में, निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए डिजीटल स्वास्थ्य सेवा समय की आवश्यकता है। एचएमआईएस (HMIS) साल्यूशन अस्पताल प्रशासन के पूरे समूह को लगभग 20 मॉड्यूल के साथ कॅवर करने जा रहा है, जो रेलवे अस्पतालों के नैदानिक, रोगी सेवाएं और सहायक मॉड्यूल सहित ओपीडी, आईपीडी, लैब्स, फार्मेसी, रेफरल, चिकित्सा परीक्षा, बीमारी-फिट प्रमाण-पत्र, चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों आदि के लिए प्रासंगिक हैं। एचएमआईएस (HMIS) के साथ एकीकृत Railways HMIS' ऐप (app) के माध्यम से रोगी वर्चुअल परामर्श प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे, जिससे न केवल उनकी कोविड से सुरक्षा होगी बल्कि अस्पताल में आवागमन भी कम होगा। "

परियोजना के बारे में बात करते हुए, श्री पुनीत चावला, सीएमडी / रेलटेल ने कहा, "महामारी की स्थिति को देखते हुए, एचएमआईएस (HMIS) परियोजना का क्रियान्वयन व स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का समर्थन करना हमारी प्राथमिकता है। हमने पहले ही 156 अस्पतालों/स्वास्थ्य इकाइयों का कार्य पूरा कर लिया है। "

रेलटेल के बारे में

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों एवं शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्रालय में पैनलबद्ध

दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल भारतीय रेलों के साथ मिलकर भारत भर में सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी कर रही है और कुल 6050 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई से सज्जित हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-

sucharita@railtelindia.com